AMPACET | quality | गुणवत्ता

एम्पासेट कॉरपोरेशन प्लास्टिक उद्योग जगत के लिए मास्टरबैच, कंपाउंड्स और सेवायें प्रदान करने वाली एक वैश्विक एवं स्वतंत्र संगठन है। एम्पासेट हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और उससे अधिक बेहतर करने के लिए, हमारे उत्पादों और सेवाओं की उत्कृष्टता और प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। एम्पासेट हमारे ग्राहकों, व्यापार भागीदारों और कर्मचारियों को वचन देती है, कि हम सदैव उनके साथ निष्पक्ष, सत्यतापूर्ण एवं नैतिकता के साथ कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे।

प्रबंधन प्रतिबद्धता

एम्पासेट प्रबंधन गुणवत्ता के महत्व और मूल्य को समझता है और एम्पासेट की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता के लिए प्रतिबद्ध है। एम्पासेट प्रबंधन व्यावसायिक रूप से कार्य करने व दीर्घकालिक परिणाम और पारस्परिक रूप से लाभप्रद रिश्तों पर ध्यान केंद्रित करके उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रतिबद्ध है । एम्पासेट अपने सप्लायर्स और ग्राहकों को अनुसंधान और नवीनीकरण में भागीदार समझता है, जिससे हमें अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले टिकाऊ उत्पादों और सेवाओं को प्रदान करने का प्रोत्साहन मिलता है। अपने बुनियादी मूल्यों के अनुरूप, प्रबंधन आचार संहिता का पालन करने और सभी प्रासंगिक कानूनों और विनियमों के अनुपालन को बनाये रखना एक कर्त्तव्य मानता है। एम्पासेट एक उच्च गुणवत्ता मानक प्रदान करने और अपने वचन के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य और सुरक्षा

एम्पासेट स्वास्थ्य और सुरक्षा के अंतर्गत उद्योग जगत में अग्रणी होने के लिए समर्पित है। हम एम्पासेट में सभी की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं, इन सभी में उपस्थित हैं हमारे उत्पादों के उपयोगकर्ता: स्टाफ, भागीदार, आगंतुक, ग्राहक और उपभोक्ता। हम इस उत्तरदायित्व को एक सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण एवं विभिन्न कार्यक्रमों के अनुसरण द्वारा सम्पादित करते हैं जिससे हमारे उत्पादों, जैसे कि खाद्य संपर्क, कॉस्मेटिक, इलेक्ट्रॉनिक पैकेजिंग और अन्य महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों का सुरक्षित संचालन और उपयोग सुनिश्चित हो सके ।

ग्राहक केंद्रित

हम अपने ग्राहकों के विचारों का सम्मान करते हैं एवं उसे पूर्ण महत्व देते हैं और उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं का आह्वान कर उन्हें समझने के लिए तत्पर हैं। हम समझते हैं कि, ग्राहक का विश्वास उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं और विश्वसनीय उत्पादों पर निर्भर करता है। हम डिजाइन, उत्पादन, बिक्री और सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारे बुनियादी मूल्य

हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं: सुरक्षा और गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अखंडता, संलग्नता और रचनात्मकता, कार्य की तरफ झुकाव, जुड़-मिल के सामूहिक कार्य एवं ज्ञान साझा करना, मनोरंजन के साथ साथ कठिन परिश्रम करना, पर्यावरण देखभाल और विविधता।

हम अपने कर्मचारियों के ज्ञान एवं जानकारियों को उत्तमतर बनाने, संचारित करने एवं संरक्षित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु समर्पित हैं। हम व्यक्ति को माँग करने के लिए प्रेरित करने वाले वातावरण के साथ साथ एक पुरस्कृत करने वाले कार्यस्थल को प्रस्तुत करते हैं जहां प्रत्येक व्यक्ति को निजी और व्यावसायिक रूप से विकसित होने का अवसर मिलता है।

गुणवत्ता

एम्पासेट का 'गुणवत्ता के प्रति समर्पण' ही हमे अन्य प्रतियोगियों से अधिक उत्तम बनाता है। हमने उन प्रक्रियाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाया है जो हमारे उत्पादों और सेवाओं को डिज़ाइन, उत्पादित और वितरित करतीं हैं। सतत सुधार की प्रक्रिया में मिल-जुल के कार्य करना एवं सुधार विधियों का उपयोग सम्मिलित हैं। इस प्रकार:

- साक्ष्य आधारित निर्णयन और जोखिम-आधारित दृष्टिकोण
- हमारी गतिविधियों के संदर्भ में एक अच्छा ज्ञान
- समस्याओं के मूल कारणों को पहचानना और उनका समाधान करना
- प्राप्त सुधारों को सतत बनाये रखना

पर्यावरणीय देखभाल

हम अपने कर्मचारियों एवं हमारे समुदायों की रक्षा करने और हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्यरत हैं। हम बाजारों की पारिस्थितिक स्थिति और भविष्य के नियमों को ध्यान में रखते हुए हमारी प्रक्रियाओं और उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के अभिनव तरीकों की खोज एवं प्रतिपालन में सतत हैं ।

01 March 2026

Alvaro Mendoza
President & Chief Executive Officer
Administration

Version 2.1